तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025



13 चांपा के महिला जागृति शिविर में विभिन्न कार्यक्रम ..





14 तरी हरी नाना मोर सुअना रे...सुआ नृत्य






## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 1004.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 14 अक्टूबर 2025 तक 1004.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील टुण्डरा में 1197.1 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा सिमगा तहसील में 820.7 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील सुहेला 1165 मिमी, पलारी में 1111.2 मिमी, बलौदाबाजार 959.2 मिमी, सोनाखान 958.5 मिमी, लवन 956.2 मिमी, कसडोल 942.3मिमी., भाटापारा 933.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 9043.3 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 1004.8 मिमी है। 14 अक्टूबर 2025 को शून्य मिलीमीटर दर्ज की गई है। सभी तहसीलों मे शून्य मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### पत्नी के साथ मारपीट थाने में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** पत्नी के साथ मारपीट के मामले की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपी पति के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया पुष्पांजलि पति मुकेश पटेल (19 साल) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह ग्राम दुरूगपाली की रहने वाली है और अपने पति मुकेश पटेल के साथ उजाला पैलेस लहरौद पिथौरा में रहकर रोजी मजदूरी का काम करती है। 05 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे मेरे पति मुकेश पटेल ने गाली गलौज करते हुए घरेलू बातों को लेकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। चोट आने के चलते वह इलाज के लिए अपने माता-पिता के साथ पदमपुर ओडिशा गई। जहां से वापस आकर 13 अक्टूबर को उसने रिपोर्ट दर्ज कराया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी पति के विरूद्ध धारा 296,115(2),351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात बाइक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम सिंधुपाली के ढाबा के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी सिरामन सिंह ध्रुव ने बताया कि वह ग्राम परसापाली में रहता है। 13 अक्टूबर को देवपूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 पी 8113 से वह घनश्याम ध्रुव के साथ गया था। पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दोपहर करीब 3.15 बजे ग्राम सरगतोरा से वापस घर ग्राम परसापाली आ रहे थे। दोपहर करीब 3.45 बजे ग्राम सिंघुपाली न्यू कमल ढाबा के पास मोटर सायकल को एनएच 53 रोड किनारे खडी कर लघुशंका के लिए उतरे थे, उसी समय पीछे से आ रहे अज्ञात मोटर सायकल के चालक अपनी वाहन को तेज रफ्तार लापरवाहीपूर्वक चलाकर घनश्याम ध्रुव को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे घनश्याम ध्रुव के सिर में चोट आई और उसकी मृत्यु हो गई।

### युवक से मारपीट के मामले में दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** अपने मामा के घर ग्राम साल्हेभांठा गए एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट कोमाखान थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को मनोज कुमार तांडी पिता रामलाल तांडी (26 वर्ष) ग्राम सिवनीखुर्द ने बताया कि रिश्ते में मामा मोहन लाल पिता बलदेव गाडा ग्राम साल्हेभांठा में रहते हैं। जहां वह 11 अक्टूबर को गया था। रात्रि 8 बजे वह अपनी ममेरी बहन से बात कर रहा था, तभी ग्राम साल्हेभांठा के रहने वाले अमृतलाल साहू पिता थानूराम साहू एवं हेमकुमार साहू पिता रंगूलाल साहू वहां पर आए और हमारे गांव क्यों आते कहकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर विवाद करने लगे।

# बिजली बिल को लेकर बवाल, हाफ बिजली योजना बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

नगर भटगांव से लगे ग्राम बरभाठा के लोगों ने बिजली बिल अधिक आने पर आक्रोश जताया है। ग्रामवासियों ने सोमवार को सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष मिलकर विद्युत कार्यालय भटगांव पहुंचे जहां विद्युत अधिकारी को खरी खोटी सुनाने लगे और कहा इसी तरह बिजली बिल को बढ़ा कर भेजोगे तो हम बिजली का बिल नहीं पटायेंगें। हमारे घर में कोई ऐसा नहीं चलता, और नहीं अभी के मौसम में कूलर चला रहे हैं। हमारे गांव के घरों में 200 रुपये 300 रुपये से ज्यादा बिल नहीं आता था जो अब बढ़ कर 2000 से 3000 आने लगा है।

## लोगों ने विद्युत कार्यालय में मचाया हंगामा

### बिजली बिल में दी जाए छूट

पहले 200, 250 सौ रुपये बिल आता था जो अब 1200, 1700, 2000 रुपये तक बिल आ रहा है सरकार से मांग है कि बिजली बिल में छूट किया जाये।

-रमला, ग्रामीण



### खपत के हिसाब से बिल

खपत के हिसाब से रिडिंग हुआ है यदि 0 से 100 यूनिट तक खपत करते हैं तो ही उनको हाफ योजना का लाभ मिलेगा। ज्यादा बिल आने का यह भी कारण है कि पहले बीपीएल कनेक्शन था जो ज्यादा खपत होने के कारण सामान्य खपत वाले कनेक्शन के हिसाब से बिजली बिल आ रहा है।

-शशिकांत राठौर, उपयंत्री विद्युत विभाग भटगांव

हमारा छोटा सा गांव जहां लोग मेहनत मजदूरी करके अपनी रोजी रोटी चलाते हैं और बिजली के बिल देखकर चक्कर आने लगता है। हम अपने घर चलाये या बिजली बिल भरें। इससे तो अच्छा कांग्रेस सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना चलाया जिससे गरीब वर्ग के लोगों ▸▸ शेष पेज 13 पर

### बिजली बिल आ रहा ज्यादा

बिजली बिल ज्यादा आ रहा है सरकार हाफ योजना लागू करें हम लोगों द्वारा 200, 250 से ज्यादा का बिल नहीं भरा जायेगा।

-दुपद लाल, ग्रामीण

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया खिलाड़ियों का सम्मान और विकास कार्यों की घोषणा

# सांसद खेल महोत्सव में सिमगा क्षेत्र के 12 हजार खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय सिमगा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य फाइनल समारोह संपन्न हुआ। हजारों खिलाड़ियों की उपस्थिति और उत्साह ने पूरे कार्यक्रम को एक खेल पर्व का रूप दे दिया। इस अवसर पर महिला एवं पुरुष वर्गों में कुश्ती, खो-खो, गेड़ी दौड़, फुगड़ी, रस्सा-कसी, रस्सी कूद, कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, तैराकी तथा शतरंज जैसी खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खेल महोत्सव के सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसे अभियानों ▸▸ शेष पेज 13 पर

## पारंपरिक खेलों के पुनर्जीवन और युवा सशक्तिकरण पर जोर



### पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ियों को भी किया सम्मानित

सांसद अग्रवाल ने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत करने के साथ ही देश दुनिया में अपना योगदान देने वाले पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय में 5 नए कमरों के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा की तथा खेल मैदान की सुरक्षा हेतु चारों ओर वार्बेड वायर लगाने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा कहा कि "युवा ही देश का भविष्य हैं, खेल भावना और अनुशासन उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करता है।



# सृजन अभियान चलाकर कांग्रेस कर रही संगठन का सशक्तिकरण




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कांग्रेस संगठन को पुनर्गठित और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चल रहे "सृजन अभियान" के तहत मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय बलौदाबाजार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री डॉ. नितिन राउत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ पर्यवेक्षक मोहम्मद अकबर, गुरमुख सिंह होरा और पूर्णचंद कोको पाढ़ी भी मौजूद रहे।

बैठक के पूर्व आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. नितिन राउत ने कहा कि राहुल गांधी जी का स्पष्ट संदेश है कि यदि कांग्रेस को मजबूत बनाना है तो हमें जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से जुड़ना होगा, जो निस्वार्थ भाव से संगठन के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ऐसा जिलाध्यक्ष चाहता है जो संगठन के मुद्दों को लेकर संघर्षरत रहे, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चले और जनता की आवाज को मजबूती से उठाए। साथ ही उन्होंने युवाओं और महिलाओं की संगठन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। डॉ. राउत ने बताया कि बलौदाबाजार जिले में जिलाध्यक्ष पद के लिए 20 से अधिक आवेदक सामने आए हैं। सभी दावेदारों से वन-टू-वन चर्चा की जा रही है, जिसमें पर्यवेक्षक दल के सभी सदस्य शामिल हैं। यह प्रक्रिया देर रात तक चलने की संभावना है। सभी अभ्यर्थियों से चर्चा के बाद रिपोर्ट हाईकमान को भेजी जाएगी और दीपावली के पश्चात जिलाध्यक्षों की घोषणा संभावित है।

- युवा और महिला भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर

बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, कसडोल विधायक संदीप साहू, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, भाटापारा विधायक इंदर साव, पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# तीन दिन में अपार आईडी निर्माण पूर्ण करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

विकासखंड तिल्दा में अपार आईडी निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु बीआरसी कार्यालय तिल्दा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी शालाएँ तीन दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करें। बैठक की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी. आर. दास ने की। इस दौरान समग्र शिक्षा रायपुर से सहायक परियोजना समन्वयक बसंत कुमार वर्मा और प्रोग्रामर सुनील अग्रवाल उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने तकनीकी सहयोग एवं कार्य की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि अपार आईडी निर्माण शैक्षणिक डाटा के एकीकरण व पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्य में शिथिलता बरतने वाले संस्थानों की समीक्षा की जाएगी।



# वाहनों की रफ्तार बनी आफत, धूल के गुबार से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

सुहेला क्षेत्रों से गुजर रही मुख्य सड़कों पर भारी वाहनों की बेकाबू रफ्तार और धूल का गुबार स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। खासकर गांव के चौक-चौराहों पर तेज रफ्तार से गुजरते ट्रक और डंपर न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा रहे हैं, बल्कि उनके उठने वाली धूल से आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत पहले से ही खराब है और उस पर चलना भी मुश्किल हो गया है। कुछ स्थानों पर हाल ही में बजरी डालकर मरम्मत की गई, लेकिन उससे भारी वाहनों की रफ्तार और तेज हो गई है।

- त्योहारों से पहले दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी, ग्रामीणों ने की नियंत्रण और सुरक्षा की मांग



नियमों के अनुसार गांवों में अधिकतम गति सीमा 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए, लेकिन इन वाहनों की स्पीड 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक देखी जा रही है। स्कूल जाने वाले बच्चे, स्थानीय व्यापारी और राहगीर इस स्थिति से सबसे अधिक प्रभावित हैं। लोगों के अनुसार, धूल इतनी अधिक उड़ती है कि सामने से आती गाड़ियां तक दिखाई नहीं देतीं। दुर्घटनाओं की आशंका हर वक्त बनी रहती है। ग्रामीण व्यापारी वीरेंद्र ने बताया भारी वाहनों स्पीड से डर लगता है और उड़ने वाले धूल से दुकानों ने हर घंटे धूल की मोटी लेयर जम जाती है श्वास लेने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि त्योहारी सीजन को देखते हुए चौक-चौराहों पर पुलिस की तैनाती की जाए और भारी वाहनों की आवाजाही पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

## फैशन के नाम पर पहने जाने वाले कड़े बन रहे हथियार

# पलारी पुलिस ने 200 खतरनाक कड़े किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घोटिया

फैशन के नाम पर युवाओं की कलाइयों पर चढ़े खतरनाक कड़े अब पलारी पुलिस की सक्रिय कार्रवाई से उतर रहे हैं। एसपी भावना गुप्ता के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस ने अब तक 200 से अधिक धारदार और भारी कड़े जब्त करके एक सराहनीय पहल की है। यह कार्रवाई उस चिंताजनक ट्रेंड को रोकने में सफल हो रही है, जहां युवा झगड़ों में इन कड़ों को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे थे।

पलारी थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से मारपीट की बढ़ती घटनाओं ने पुलिस का ध्यान खींचा था। गहन जांच में पता चला कि अधिकतर मामलों में 16 से 25 साल के युवा हाथ में पहने भारी कड़ों से हमला कर रहे थे। इन कड़ों के वार से पीड़ितों को सिर और शरीर के अन्य अंगों पर गंभीर चोटें आई थीं। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए एसपी भावना गुप्ता के नेतृत्व में शुरू किए गए विशेष अभियान में पलारी थाना प्रभारी हेमंत पटेल की टीम ने उल्लेखनीय कार्य किया है। टीम ने गांव-गांव जाकर और चौक-चौराहों पर नाकेबंदी कर इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।








**बड़ी समस्या का किया समाधान: ग्रामीणः** ग्राम जारा निवासी प्रवीण धुरंधर ने कहा कि एसपी भावना गुप्ता के नेतृत्व में पलारी पुलिस ने समय रहते एक बड़ी समस्या को पहचाना और उसका समाधान किया। वहीं केंद्रीय अध्यक्ष धोबी समाज झड़ी राम कनौजे ने इस अभियान को युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस की यह पहल न केवल अपराधों पर रोक लगाएगी, बल्कि युवाओं को सही दिशा देने में भी मदद करेगी।

### स्थानीय नागरिकों ने की पुलिस की सराहना

थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना है। हमने देखा कि कुछ युवा गलत हाथों में इन कड़ों का दुरुपयोग कर रहे हैं। हमारी कार्रवाई किसी की धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध नहीं, बल्कि सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए है। पुलिस की इस पहल की स्थानीय नागरिकों ने भी भरपूर सराहना की है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि पुलिस का यह अभियान वाकई सराहनीय है। युवाओं में इस तरह के खतरनाक फैशन पर अंकुश लगाना जरूरी था।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार पुलिसकर्मी बने कॉप ऑफ द मंथ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में अपराध नियंत्रण और तस्करी के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए, लवन थाना क्षेत्र में 15.48 किलोग्राम गांजा जब्त कर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने वाले पुलिस स्टाफ को सितंबर 2025 के कॉप ऑफ द मंथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में उत्कृष्ट कार्य, अपराध विवेचना एवं अपराधियों की धरपकड़ में प्रशंसनीय एवं अपना विशेष योगदान देने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए माह सितंबर-2025 में 04 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को कॉप ऑफ द मंथ के रूप में चुना गया है। ऑपरेशन निश्चय 2.0 के तहत थाना लवन में ▸▸ शेष पेज 13 पर

- पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

## सांसद खेल महोत्सव में दिखी युवा जोश की झलक...

**सेल।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव समापन कार्यक्रम में युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल का समापन हुआ हैं। छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया गया था। रस्सी कसा खेलकूद में रोमांचक मुकाबले रहा था। इसमें सर्वा स्कूल मल्दा स्कूल छेछर स्कूल के बालक बालिकाओं का शानदार रोमांचक मुकाबले रहा हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल के खेल मैदान में आयोजित किया गया था। शानदार खेलकूद होने से शिक्षकों ने बच्चों के प्रति सराहनीय प्रकट व्यक्त किया गया है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन, प्रभारी प्राचार्य सीएम साहू, हरप्रसाद साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, छोटू दास मानिकपुरी, जैकलिन हैरेंज, प्रभा पैंकरा, ओमप्रकाश साहू, रोहितलाल साहू, रमहैया लाल कश्यप, गोदावरी पटेल, मुकेश साहू, स्वर्णालता डडसेना, पंच प्रतिनिधि दिलीप दिवाकर सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्दा से शिक्षक-शिक्षिका जीके चौधरी, जेके कश्यप, एमके कश्यप, एफ आर कर्ष, पी एस सिदार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए थे।





## खबर संक्षेप

### विभिन्न कोर्स में मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में टैक्सी ड्राइवर, रिटेल सेल्स असिस्टेंट, फील्ड टेक्निशियन एवं कम्प्यूटिंग पेरीफेरल तथा सिक्योरिटी गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा इसके लिए 17 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और पोसपोर्ट साईज फोटो के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### अनीश का राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में चयन

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांवा के छात्र अनीश कुमार मरकाम का चयन राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह स्पर्धा बिलासपुर में 15 से 18 अक्टूबर तक होगी। इस उपलब्धि पर प्राचार्य केश कुमार सेन, खेल शिक्षिका निर्मला सिन्हा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों व शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### जिले की बालिकाओं को मिलेगा ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रशिक्षण

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा महिला क्रिकेट खेलने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं को उचित मंच प्रदान किया जा रहा है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजय बाबर, सहसचिव सकुश गुप्ता ने बताया कि पीजी कॉलेज धमतरी के क्रिकेट स्टेडियम में 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 80 बालक रोजाना प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रदर्शन के आधार पर उनका जिला क्रिकेट टीम में चयन किया जाता है।

### जिले में रेत खदानों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू

**धमतरी।** जिला धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के नियम-7 अंतर्गत प्रथम चरण में दो साधारण रेत उत्खनन पट्टा खदानों का आवंटन इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत जिले की दो खदानें मुड़पार (तहसील धमतरी) तथा तेंदूकोना (तहसील धमतरी) ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित की जाएंगी। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि इच्छुक बोलीदाता एमएसटीसी के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। तकनीकी एवं वित्तीय बोली प्रस्तुत करने की तिथि 6 से 12 नवम्बर तक है।


**श्रीमान समक्ष पब्लिक नोटरी बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**

मैं अंकित रात्रे उम्र 25 साल पिता उपेन्द्र जाति सतनामी निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. ...शपथकर्त्ता

**शपथ-पत्र**

मै शपथकर्त्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती / करता हूँ :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती / करता हूँ।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड नं. **** **** 6405 एवं पेन कार्ड नं. EHIPR3517N तथा मेरे मेट्रीकुलेशन CERTIFICATE NO- TD70110381, HIGHER SECONDRY CERTIFICATE NO- 0178573, IIT BOMBAY COLLAGE दाखिला मे मेरा नाम अंकित रात्रे पिता उपेन्द्र दर्ज हैं।
3. यह कि मेरे जाति प्रमाण पत्र में नाम अंकित रात्रे पिता उपेन्द्र रात्रे (उपनाम सहित) दर्ज है।
4. यह कि मेरे द्वारा U.P.S.C PORTAL के OTR मे नाम अंकित रात्रे तथा पिता का नाम उपेन्द्र रात्रे (उपनाम सहित) भरा गया है। तकनीकी कारण से पिता के नाम मे सुधार हेतू प्रवधान उपलब्ध नही होने के कारण पिता के उपनाम को हटाया नही जा सका है, जैसे की मेरे मैट्रीकुलेशन व अन्य CERTIFICATE (EXCEPT CASTE CERTIFICATE) मे दर्ज है।
5. यह कि नवीन REGISTRATION PORTAL पर URN मे पिता के नाम मे मेरे CERTIFICATE अनुसार सुधार कर लिया गया है।
6. यह कि उपेन्द्र एवं उपेन्द्र रात्रे ये दोनों नाम मेरे पिता जी का ही नाम है तथा इन्ही दोनों नामों से मेरे पिता जाने एवं पहचाने जाते है।
7. यह कि मेरे द्वारा यह शपथ पत्र मेरे पिता जी के दोनों नामों के सत्यापन के संबंध में सक्षम अधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
8. यह कि मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरे ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। जिसके लिये मै स्वयं जिम्मेदार रहूंगा / रहूंगी।

शपथकर्त्ता

**सत्यापन**

मै शपथकर्ता/शपथकर्ती यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र में उल्लेखित कथन कंडिका 01 से लेकर 08 तक दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है। और न ही कोई सात्वीक सूचना नही छुपाई गई है। अतः आज दिनांक 14/10/2025 को मुकाम बलौदाबाजार में अपना हस्ताक्षरकर सत्यापित किया हूँ।

सत्यापनकर्त्ता


### स्कूली बच्चों समेत हजारों लोग रोजाना झेल रहे यातायात संकट

# गगोरी की सड़क मिट्टी में तब्दील, ग्रामीण में आक्रोश, दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसीवां

- भिनोदा से गगोरी मार्ग पर गड्ढों से भरी सड़क, लोगों का सफर जोखिम भरा

भिनोदा से गगोरी जाने वाली 3 किमी की सड़क की हालत एकदम जर्जर और दयनीय हो गई है। इस मार्ग से आने जाने वाले लोग जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। सड़क की स्थिति इतनी दयनीय है कि यहां से आवागमन करने वाले लोगों को 30 मिनट लग रहे हैं। इस मुख्य सड़क की हालत बेहद ही खराब है और सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे जानलेवा साबित हो रहा है।

इस सड़क से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, गांव के लोगों को सरसीवां सारंगढ़ भटगांव आदि दिनचर्या के लिए आना जाना होता है। जहां गगोरी गांव से आते वक्त लोगों को एक से डेढ़ फीट तक के गड्ढों को पार करना पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चे उबड़-खाबड़ सड़क में कई बार गिरकर चोटिल हो गए थे,हाथ पैर फैक्चर हो चुका है, घायल हो रहें हैं इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग अंजान बैठकर तमाशबीन बना हुआ है। गगोरी गांव से किसी की तबीयत खराब होने व अस्पताल ले जाने के लिए भिनोदी गांव तक लाने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।



#### अबतक शुरू नहीं हुआ सड़क मरम्मत का कामः सरपंच

इस मामले में गगोरी ग्राम पंचायत के सरपंच गजपति जांगड़े ने बताया कि मेरे द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कलेक्टर जनदर्शन में खराब सड़क व मरम्मत कार्य के लिए आवेदन दिया गया था फिर भी भिनोदा गांव से गगोरी जाने वाली खराब सड़क का मरम्मत कार्य आज पर्यंत शुरू नहीं हो पाया। वहीं इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग सरसीवां परिक्षेत्र के प्रभारी बी एल बंजारे ने बताया कि चिंता की बात नहीं है इसी माह अक्टूबर में सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

#### ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त

इस सड़क पर न साइकिल, न मोटर साइकिल चलाने लायक है और न पैदल चलने लायक है। जहां बीमार मरीज को अस्पताल लाते वक्त मरीज की जान तक चली जाती है। जबकि इस मार्ग में रोजाना हजारों लोगों का आना-जाना रहता है।इस मार्ग का शासन प्रशासन द्वारा सुध नहीं लेने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है तथा इस सड़क को तत्काल बनाने की मांग की है, समय पर नहीं बनाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## हायर सेकंडरी की छात्राओं को साइकिल वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ घोटिया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त सरस्वती निःशुल्क सायकल योजना के अंतर्गत छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत वटगन के सरपंच बाबूलाल बंजारे, उपसरपंच सुशीला वर्मा, एवं पंचगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के प्राचार्य हेमन्त वर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सायकल प्रभारी बी.एल. ढीढी, महेन्द्र वैष्णव, तेजेन्द्र साहू, सगुन सोनी, सुशीला जांगड़े, प्रीति वर्मा, स्वेता वर्मा, एवं निलम फेकर ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस सायकल वितरण कार्यक्रम से छात्राओं में उत्साह देखने को मिला, जिससे उनकी नियमित विद्यालय उपस्थिति एवं शिक्षा के प्रति रुचि और भी बढ़ेगी। विद्यालय परिवार ने शासन की इस सराहनीय योजना के लिए आभार प्रकट किया।

## शैक्षणिक भ्रमण से व्यावसायिक ट्रेड रिटेल संकाय के बालिकाओं ने रिटेलिंग प्रोसेस को करीब से जाना



**पिथौरा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा की रिटेल संकाय की छात्राओं ने इंडस्ट्री केइंडस्ट्री विजिट के तहत लहरौद स्थित तारा मार्ट में शॉपिंग बाजार सुपरमार्ट तथा आधुनिक तरीके से रिटेलिंग के विभिन्न भारतीयों को प्रैक्टिकल रूप से समझा यह भ्रमण बालिकाओं के लिए बहुत लाभप्रद लगा, जहां बच्चों ने प्रोडक्ट डिस्प्ले, प्रोडक्ट अरेंजमेंट एवं स्वयंसेवा आधारित आनंददायक शॉपिंग करना और पेमेंट ऑप्शंस को जाना। शैक्षणिक भ्रमण में संस्था के प्राचार्य आशाराम बरिहा, वरिष्ठ व्याख्याता अमृत लाल पटेल, रमा प्रजापति, कमला यादव, विजय कुमार सिन्हा, गोपेश कुमार डड़सेना व्यावसायिक शिक्षक भी इस सफल आयोजन में शामिल हुए।

# बहू को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पति, ससुर और देवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

- ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने लगाई थी फांसी
- अन्य आरोपियों की तलाश है जारी

ग्राम असनींद में अपनी बहू को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार मामले में मृतका के पति ससुर एवं देवर को किया गया गिरफ्तार मृतिका द्वारा ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर कर ली। आत्महत्या आरोपियों के नाम माखनलाल जायसवाल उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम असनींद थाना कसडोल, भरत लाल जायसवाल उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम असनींद थाना कसडोल, यशवंत जायसवाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम असनींद थाना कसडोल, थाना कसडोल के मर्ग क्र. 63/2025 दिनांक घटना 08.08.2025 को मृतिका सविता जायसवाल पति माखन जायसवाल द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया।



पुलिस द्वारा प्रकरण की जांच में तथा मृतिका के मायका पक्ष से लिए गए विस्तृत बयान में यह पाया गया कि ससुराल पक्ष द्वारा मृतिका को प्रताड़ित किया जाता था जिसके कारण मृतिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 624/2025 धारा 108,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 03 आरोपियों पति माखनलाल जायसवाल ससुर भरतलाल एवं देवर यशवंत जायसवाल को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा शादी के पश्चात मृतिका को प्रताड़ित करना स्वीकार किया गया जिससे परेशान होकर मृतिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। कि प्रकरण में तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी शेष है तथा प्रकरण विवेचना में है।

### टेट, पेंशन एवं क्रमोन्नति के लिए ज्ञापन आज

**महासमुंद।** छग टीचर्स एसोसिएशन जिला के जिला अध्यक्ष नारायण चौधरी ने बताया कि टेट की अनिवार्यता पर पुनर्विचार याचिका दायर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने की मांग को लेकर जिला कार्यकारिणी महासमुंद द्वारा 15 अक्टूबर को अपरान्ह 3:30 बजे मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव व संचालक के नाम का जिला कलेक्टर तथा डीईओ के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा।

## कन्या स्कूल के 4 बाल वैज्ञानिकों का जिला से जोन स्तर पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में हुआ। जिसमें कन्या विद्यालय पिथौरा के प्रॉजेक्ट एवं मॉडल का चयन जोन लेवल के लिए हुआ है। जिसमें होम ऑटोमेशन बना सबके लिए आकर्षक का बिंदु जिसे अटल टिंकरिग लैब प्रभारी कन्या विद्यालय पिथौरा के प्राचार्य आशाराम बरिहा एवं भौतिकी विभाग के व्याख्याता जीएम साहू के मार्गदर्शन में तैयार किया गया और बाल वैज्ञानिक जागृति सिन्हा ने इसमें द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महासमुंद जिले के विभिन्न विद्यालयों की बाल वैज्ञानिकों कक्षा 8वीं आठवीं से 12वीं तक के लगभग 100 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा एवं वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विज्ञान विषय की समझ को विकसित करना, नवाचार प्रयोग करना और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा इसके अंतर्गत जो साथ कथानक रखे गए थे, जिसमें विद्यार्थियों ने सतत कृषि अपशिष्ट प्रबंधन प्लास्टिक के विकल्प हरित ऊर्जा उभरती हुई प्रौद्योगिकी मनोरंजन गणितीय मॉडल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जल संरक्षण नवीन तकनीकी आदि विषयों पर वैज्ञानिक मॉडल एवं आकर्षक प्रोजेक्ट बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। अक्टूबर माह में ही जोन स्तर पर विज्ञान मेला के आयोजन जाने के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा के अटल टिंकरिंग लैब के 4 छात्राओं का चयन जिला स्तर पर हुआ है। अटल टिंकरिंक लैब के प्रभारी गुणमणि साहू, सहयोगी शिक्षक विजय सिन्हा एवं गोपेश कुमार डड़सेना के नेतृत्व में उनकी टीम तथा बाल वैज्ञानिक जागृति सिन्हा, लोकेश्वरी साहू, पारुल रात्रे, आस्था प्रधान ने अनेक वैज्ञानिक क्षेत्र में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने महासमुंद जिले का नाम रौशन किया है।

अटल प्रभारी गुणमणि साहू ने कहा कि बच्चों को विज्ञान से जोड़ने के लिए अनेक प्रकार के समस्या समाधान पर फोकस करना और नवाचार को बढ़ावा देना महत्पूर्ण बताया है। साथ ही जीवन में आने वाले हर परिस्थिति का सामना कर अपने लक्ष्य प्राप्त करना बताया है।

## हरियाणा के आईपीएस पूरन को प्रताड़ित करने वालों की गिरफ्तारी की मांग

**महासमुंद।** हरियाणा के अनुसूचित जाति के आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार जो आईजी के पद पर रहते हुए 7 अक्टूबर को अपने रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मरने के पूर्व नौ पेज की सुसाइड नोट में राज्य के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी व डीजीपी शत्रुजीत कपूर के साथ 15 आईएएस-आईपीएस अधिकारियों द्वारा उनके अनुसूचित जाति के होने के कारण जातिगत रूप से प्रताड़ित करने से मजबूरी में आत्महत्या करने की बात लिखी है। मृतक की पत्नी जो स्वयं आईएएस अधिकारी है, ने दोषियों के ऊपर कार्रवाई की मांग की, जिस पर केवल एफआईआर दर्ज कर जांच के बाद कार्रवाई करने की बात हरियाणा सरकार कह रही है। जबकि, मृतक ने सुसाइड नोट में 15 पूर्व व वर्तमान अधिकारीयों के नाम स्पष्ट रूप से लिख गया है, जो महत्वपूर्ण सबूत है। इस पत्र के आधार पर नामजद सभी लोगों की गिरफ्तार कर सख्त संदेश दिया जाए। ताकि, अन्य भेद-भाव करने वालों लोगों में भय हो। इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव व डीजीपी पर मुख्य आरोप तो उनके पद में रहते स्वतंत्र जांच की संभावना बिल्कुल भी नहीं है। इसलिए इसे पद से हटाकर सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में जांच किया जाना चाहिए। जिससे देशभर में जातिगत भेदभाव करने वालों को कड़ा संदेश मिले। उक्त घटना के बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से देश भर के अनुसूचित जाति वर्ग में भारी आक्रोश एवं भय का माहौल है।

सर्व अनुसूचित जाति महासमुंद के लोगों ने लिखित ज्ञापन में राष्ट्रपति एवं चीफ जस्टिस तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से उक्त घटना के आधार पर देशभर में अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ संस्थागत तौर पर उनके साथ कैसे जातिगत भेद-भाव होती है। छोटे-छोटे कर्मचारियों की मौत की खबर तो संबंधित क्षेत्र में ही दफन हो जाती है। हमारे समाज के बहुत से अधिकारियों को जाति के कारण ही लूपलाइन में रखी जाने है तथा आला अधिकारियों द्वारा उनके सीआर जानबूझकर खराब करने के कारण देशभर में अनुसूचित जाति के वरिष्ठ आईएएस व आईपीएस अधिकारी को राज्यों के मुख्य सचिव व डीजीपी बनने की संख्या नगण्य बताया है। ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का बार-बार ट्रांसफर कर परेशान करने के साथ ही अजा वर्ग के लोगों को नौकरी योग्यता से नहीं बल्कि आरक्षण से मिलने की तंज कसने जैसे अहम बात को इंगित किया गया है।


## विशेष बच्चों के भविष्य को रोशन करने का अवसर – पियाली फाउंडेशन कॉलेज में बी.एड. एवं डी.एड. प्रवेश खुले

विशेष शिक्षक (Special Educator) बनने के लिए, आपको विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए, आप विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे कि डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में, आपको विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है



### विशेष शिक्षक बनने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम:

डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (D.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के बाद किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन (B.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्नत कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है। Piyali Foundation college of Special Education Raipur जो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं ।विशेष शिक्षक के रूप में करियर:विशेष शिक्षा शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं, जैसे कि सीखने की अक्षमता, ऑटिज्म, या बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चे। विशेष शिक्षा शिक्षक विभिन्न प्रकार के सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जैसे किः सरकारी और निजी स्कूल, पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ). विशेष शिक्षा शिक्षक बनने के लिए, आपको धैर्य, सहानुभूति, और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है।




पियाली फाउण्डेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है और 2025- 26 सत्र के लिए आवेदन संस्था द्वारा मंगवाया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संस्था में सीधे जमा करके प्रवेशा पा सकते है। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा पं रविशंकरशुक्ल विश्वविघालय से संबद्धता प्राप्त है। बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता स्नातक है। स्नातक में 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ प्री बीएड परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है। इस पाठ्यक्रम को करने के बाद अनेक क्षेत्रो में अपना कैरियर बना सकते हैं। जैसे विशेष शिक्षक के रूप में सरकारी स्कुलो प्राइवेट स्कुलो अस्पतालों समग्र शिक्षा अभियान तथा केंद्रीय स्कुलों में नियुक्त किया जा रहा है। आने वाले समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अपार नौकरियो की संभावनाए है।

मीता मुखर्जी - अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी-डायरेक्टर, पियाली फाउंडेशन, जागरूक पैरेन्ट्स एसोसिएशन रायपुर (छ.ग.)

विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
**बी.एड., डी. एड. (विशेष शिक्षा)**
सीधा प्रवेश प्रारंभ - 2025

**DIRECT ADMISSION Last Date - 17.10.2025**
**84353 86927, 98271 28346**
Old Dhanvantari Hospital, New Shanti Nagar, Gorakha Colony, Shankar Nagar, Raipur

## आयोजन : कोसरंगी में हुई भैंसा सेक्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता

# 32 ग्राम पंचायतों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव के तहत विकासखंड आरंग के भैंसा सेक्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम कोसरंगी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य स्वस्थ, फिट और खेल भावना से युक्त युवाओं का निर्माण करना तथा ग्रामीण क्षेत्र की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना रहा। भैंसा सेक्टर के अंतर्गत आने वाले 41 ग्रामों से खिलाड़ियों ने खो-खो, कबड्डी, कुश्ती, वालीबॉल, बास्केटबॉल, भारोत्तोलन, तैराकी, शतरंज, शरीर सौष्ठव, रस्साकसी, गेड़ी दौड़ और रस्सीकूद जैसी प्रतियोगिताओं में दो आयु वर्ग (9 से 19 वर्ष एवं 19 वर्ष से अधिक) में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं मेजर ध्यानचंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि राजू मिर्जा सरपंच प्रतिनिधि कोसरंगी थे, जबकि अध्यक्षता धनेंद्र कुमार धीवर अध्यक्ष, शाला विकास समिति ने की। विशिष्ट अतिथियों में रोशन लाल साहू सांसद प्रतिनिधि, तिलक साहू, हिमांशु भारती जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, दिनेश शर्मा बीईओ आरंग, राकेश प्रधान ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भोजराम मनहरे ने किया तथा आभार प्राचार्य अनीता कुंती लकड़ा ने व्यक्त किया। आयोजन में शिक्षा, स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं खिलाड़ी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### कनकी में हुआ सांसद खेल महोत्सव का सफल आयोजन





खरोरा। ग्राम पंचायत कनकी के खेल मैदान में 13 एवं 14 अक्टूबर को दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र की 32 ग्राम पंचायतों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव के दौरान कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, वॉलीबॉल, शतरंज, रस्साकशी, रस्सी कूद, गेड़ी दौड़ व फुगड़ी सहित अनेक पारंपरिक और आधुनिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेता खिलाड़ियों का फाइनल मुकाबला एमिटी कॉलेज, आफ्ट यूनिवर्सिटी खरोरा-माठ में आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनपद पंचायत तिल्दा से नोडल अधिकारी सतीश टंडन, खेदु राम धीवर, ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच दुर्गेश वर्मा, प्राचार्य सीमा मेश्राम, सचिव कोमल प्रसाद साहू और खेल अधिकारी पुष्कर साहू पीटीआई का विशेष योगदान रहा। ग्राम पंचायत कनकी द्वारा खिलाड़ियों और शिक्षकों के लिए भोजन व्यवस्था की गई, जिसमें प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया। आयोजन सरपंच दुर्गेश वर्मा, उपसरपंच पुनीत राम वर्मा और रोजगार सहायक खडानंद वर्मा के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, स्वस्थ जीवनशैली और प्रतिस्पर्धात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देना रहा।

## खबर संक्षेप

### 12 लाख की आर्थिक दिवाली पर्व के लिए सज गई दुकानें, लेकिन ग्राहकी नहीं

**नर्रा।** दीपों का पर्व दिवाली कुछ दिन शेष है। पर्व को लेकर डिस्टेपर, वार्निश, ब्रश, बिरला व्हाइट चूना, लक्ष्मी गणेश सरस्वती माता की फोटो, लाई, बताशे इत्यादि की दुकानें भी सज गई है। क्षेत्र के ग्रामीण घरों की साफ सफाई व रंग रोगन के कार्य में जुट गए है। बता दें कि किसानों का जेब खाली तो कैसे मनाएगी दिवाली। किसानों के पास नगदी रकम की कमी के चलते दुकानों में ग्राहकों की कमी देखी जा रही है। क्षेत्र में बारिश की वजह से पके फसल में भूरा माहो कहर से किसान त्रस्त और परेशान है। अर्ली वैरायटी छोटे किस्म धान की कटाई में देरी होने से किसानों की जेब खाली है। इससे त्यौहार की खुशियां फीकी हैं। दिवाली के बाद कटाई कार्य में तेजी आयेगी।

### अमलोर के छात्राओं को साइकिल वितरित



**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल अमलोर में छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती सायकल का वितरण किया गया। इस मौके पर रूपा जयप्रकाश यादव के आतिथ्य में साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सदस्य, बाबूराम ध्रुव, दुकालू राम ध्रुव, जीएस ठाकुर (प्राचार्य), जितेश ठाकुर, प्रतिभा त्रिपाठी, प्रदुम्न पांडेय, बल्लू नेताम, गैंदू ध्रुव, चंद्रकांत चतुर्वेदी, रूखमणी आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरुकता को लेकर हुए विविध आयोजन

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं निर्मल कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना श्याम बालाजी कॉलेज के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं बीएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा मतदाता जागरुकता के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ अंकिता चंद्राकर, विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार साहू, निर्मल कुमार बंजारे, शीतल साहू, टोप राम कुर्रे आदि मौजूद रहे।

## चांपा के महिला जागृति शिविर में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा ।** ग्राम पंचायत चांपा में सोमवार को सरपंच श्रीमती संतोषी शंकर घृतलहरे के मुख्य आतिथ्य एवं उपसरपंच दुलौरिन कृष्णा वर्मा के अध्यक्षता और सुपरवाईजर निर्मला वर्मा की कुशल मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला जागृति शिविर में गोद भराई कार्यक्रम,पोषण परिचर्चा, मर्माहित स्नेह सम्मेलन, कुर्सी दौड़,पिट्ठुल और रस्सी खींच, आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जहां सैकड़ों महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं में सेवती वर्मा, रेखा ध्रुव, संतोषी वर्मा, नारायणीदास मानिकपुरी, देवमति वर्मा, दिनेश्वरी वर्मा, फुल कुमारी खुटे, शारदा वर्मा, धनेश्वरी बंजारे, इंदिरा देवी वर्मा, हेमलता घृतलहरे, प्रमीला पैकरा, बसंती साहू, राजेश्वरी बघेल, दुलारी साहू, गायत्री वर्मा, दयावती घृतलहरे, संध्या वर्मा, डिगेशवरी डहरिया, देवकी वर्मा, रंभा घृतलहरे, कलावती पैकरा, फुलेश्वरी यदु, चारूलता वर्मा, हेमलता कुर्रे, प्रेमिन वर्मा, गीता मनहरे एवं ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।



## नपाध्यक्ष ने दशहरा मैदान में फटाखा व्यावसायियों को किया डस्टबिन वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वच्छता ही सेवा कार्य के अंतर्गत दुकान में साफ सफाई रखनें स्थानीय दशहरा मैदान में फटाका व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी के द्वारा कचरा संग्रहित कर रखने हेतु कचरा डिब्बा (डस्टबिन) का वितरण किया गया।

इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्री जैन ने सुरक्षा उपकरण हेतु रेत भरी बोरी व पानी भरकर बाल्टी रखने के साथ पटाखा व्यवसायीयों से अपील की गई कि अपने दुकान से निकलने वाले पटाखे के खाली डिब्बे व कचरो को डस्टबिन में रखकर रखें व नगर पालिका द्वारा कचरा गाड़ी आने पर उन्हें एकत्रित किया गया कचरा देना सुनिश्चित करें, कचरा डिब्बा (डस्टबिन) वितरण के अवसर पर सभापति जितेंद्र डड़सेना, आदित्य गुप्ता, पार्षद गौतम सिंह चौहान, पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता शशि भूषण शुक्ला, उप अभियंता रितेश स्थापक, भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, रवि साहू, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## पीएम श्री भरत देवांगन स्कूल के विद्यार्थियों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



रजत जयंती महोत्सव 2025 के तहत रायपुर जिले में आयोजित जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2025-26 में पीएम श्री भरत देवांगन विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह आयोजन 26 सितंबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय जे.आर. दानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायपुर में हुआ था। मुख्य कथानक "विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित" पर आधारित इस प्रदर्शनी में विद्यालय की चेतना साहू ने विज्ञान सेमिनार, दुष्यंत देवांगन ने उभरती प्रौद्योगिकी, सुनीता साहू व माया देवांगन ने प्रश्न मंच, लितेश देवांगन ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा तुलिष्का साहू ने व्यक्तिगत प्रोजेक्ट में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य रजनी मिंज एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




### छग सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने की संवेदना राशि अर्पित

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने अपने साथी श्रवण सोनी के असमय निधन पर उनके दशगात्र कार्यक्रम में उपस्थित होकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। ब्लॉक अध्यक्ष गणेश चौहान ने कहा कि उनके निधन से संगठन ने एक कर्मठ, ईमानदार और मिलनसार साथी को खो दिया है, जो कि संगठन के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। कोई भी विषम परिस्थिति में फेडरेशन परिवार के साथ खड़ा है। इस कठिन समय में संगठन के समस्त साथियों ने मिलकर संवेदना राशि 28,100 रुपए उनके आश्रित परिवार को प्रदान कर अपनी सामूहिक जिम्मेदारी निभाई है। यह राशि भले उनके परिवार के दुःख को कम न कर सके, किंतु यह हमारे स्नेह, एकता और सहयोग की भावना का प्रतीक है।

## पेज 11 के शेष

### बिजली बिल को...

को राहत मिल रही थी। हाफ बिजली योजना को क्यों बंद किया गया इस योजना को भाजपा सत्ता में आते ही बंद कर दिया जिससे गरीब वर्ग के लोगों की कमर टूट गई है। ग्राम पंचायत बरभाठा के सभी लोगो ने भाजपा सरकार से मांग किया है कि हाफ बिजली बिल योजना को लागू करें व बिजली बिल की कीमतों को कम करें। वहीं एक महिला ने बताया कि डबल - डबल बिजली बिल आ रहा है हमारे घर में फ्रिज, कूलर कुछ भी नहीं है फिर भी बिजली का बिल इतना ज्यादा कैसे आ रहा है। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि जब से नया स्मार्ट मीटर लगा है तब से बिजली बिल ज्यादा आ रहा है।

### सांसद खेल महोत्सव...

के माध्यम से पारंपरिक खेलों को गांव-गांव तक पुनर्जीवित किया जाए। उन्होंने कहा कि एक समय था जब कहा जाता था 'खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, लेकिन आज खेल क्षेत्र भी एक उज्ज्वल भविष्य का द्वार बन चुका है। अब खिलाड़ी देश और समाज के ब्रांड एंबेसडर बनते हैं तथा उन्हें सरकारी सेवाओं में भी पहचान मिल रही है। उन्होंने बताया कि सिमगा क्षेत्र में 12 हजार खिलाड़ियों की भागीदारी अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है जो युवाओं की जागरूकता और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव, अनिल पांडे, केजू बघेल, जनपद अध्यक्ष डॉ. चंद्रमणि तिवारी, राकेश तिवारी, दौलत रामपाल, गोपाल शुक्ला, धीरज जैन, छोटू यादव, गोलू अवस्थी, चंद्रप्रकाश टोंडे, सचिन जैन, सूर्यकांत ताम्रकार, हेमसिंह चौहान, नारायण निषाद, परस पाटकर, माया सलूजा, प्रियंका अनुप तिवारी, रुख्मणी साहू, मुकुंद रजक, टैबू देवांगन,संजय शर्मा, अतुल शुक्ला, गजेन्द्र पांडे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, खिलाड़ी, शिक्षक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने...

15.48 किलोग्राम गांजा की जप्ती कार्यवाही कर अपराध क्रमांक 370/2025 धारा 20बी, 29 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी लवन, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण पटेल एवं आरक्षक अजय बंजारे द्वारा प्रकरण के अंतिम कड़ी तक के सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था, जिसके फलस्वरूप उल्लेखित चारों अधि./कर्मचारियों को माह सितंबर-2025 के लिए कॉप ऑफ द मंथ के रूप में चुना गया।






**सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा**
10 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
**कांतारा-2**
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
**सायरा खान केस**
शो समय - 3:00 PM, 9:00 PM
**कंट्रोल**
शो समय - 6:00 PM
**जय सीतला मईया (सीजी)**
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# महिला सशक्तिकरण और समाज निर्माण पर केंद्रित रहा प्रेरणादायी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ मसीही समाज की महिला सेवा समिति का वार्षिक अधिवेशन बड़े धूमधाम और आस्था के साथ संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेशभर के मसीही समाज के प्रतिष्ठित सदस्यगण एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मसीही समाज की बिशप श्रीमती सुषमा कुमार सहित प्रदेश के पदाधिकारीगण का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

समारोह के मुख्य आकर्षण में महिलाओं की समाज निर्माण में भूमिका, उनके योगदान और मसीही मूल्यों के विस्तार पर सार्थक और प्रेरणादायक चर्चा हुई। इस चर्चाएं के दौरान यह बात प्रमुख रूप से सामने आई कि महिला सशक्तिकरण के माध्यम से समाज में परिवर्तन और सुधार लाया जा सकता है। मसीही समाज के नारी शक्ति का यह अद्वितीय योगदान निश्चित रूप से हर क्षेत्र में बदलाव की नई लहर ला सकता है।

## छत्तीसगढ़ मसीही समाज की महिला समिति का हुआ वार्षिक अधिवेशन



### सकारात्मक बदलाव की दिशा में कार्य करने पर दिया जोर

नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समाज सेवा एवं महिलाओं के उत्थान के लिए सदैव सहयोग का आश्वासन दिया। उनका यह वक्तव्य सभी उपस्थितजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया। श्री शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर सकारात्मक बदलाव की दिशा में कार्य करना होगा। वार्षिक अधिवेशन में आयोजित कार्यक्रमों और चर्चाओं ने समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया और इस अवसर पर उपस्थित सभी को एक नई दिशा प्रदान की। यह आयोजन मसीही समाज में महिलाओं के योगदान और उनके संघर्षों को मान्यता देने का एक शानदार उदाहरण साबित हुआ।

### ये रहे उपस्थित

आयोजकगण में भाटापारा से निधि फिलिप,जैस्मीन सॉय,मंजुला दास,संध्या बेंजामिन ए आर जेम्स,बिन्नू फिलिप, चर्च के पास्टर अनीश मसीह सचिव अभिषेक फिलिप, कोषाध्यक्ष डॉ सत्यजीत जीवनमल,अभिषेक दास सुमित सिंह नीलम जेम्स अमित सिंह जे आर दास जयश्री छत्रे, एवं समस्त छत्तीसगढ़ के चर्च की महिलाएं उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप






### महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान परिषद का हुआ गठन

**कसडोल।** स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राजनीति विज्ञान परिषद का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सेवकराम पैकरा एम.ए. तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान, उपाध्यक्ष मनीषा गेन्दरे, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान, सचिव तेजस चंद्रा एम.ए. प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान, सहसचिव - कीर्ति यादव एम.ए. प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य व विभागाध्यक्ष डॉ. खुर्शीद खान, अतिथि सहायक प्राध्यापक संतोष राय, हरिचंद यादव, राजनीति विज्ञान प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिला सहकारी कर्मचारी संगठन का चुनाव

**झलप।** जिला सहकारी कर्मचारी संगठन का चुनाव सोमवार 13 अक्टूबर 2025 को पिथौरा उप मंडी प्रांगण में शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन संगठन के वरिष्ठ सदस्यों पंकज साव, ईश्वर पटेल, राजेश प्रधान, रमेश सिन्हा एवं तुलाराम ध्रुव की देखरेख में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विजय कोसरे (झलप) को अध्यक्ष, कौशल साहू (खट्टी) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, घनश्याम चौधरी (भूकेल) को कोषाध्यक्ष तथा संतोष साहू (घोंच) को सचिव के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव में उपस्थित सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी एवं संगठन को और अधिक सशक्त एवं संगठित बनाने का संकल्प लिया।

### नगर में अंतिम पथ संचलन आज

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त महासमुंद नगर को 10 बस्ती में बांटा गया है। जिसमें विजयादशमी का उत्सव सभी 10 बस्तियों में धूमधाम से मनाया जाना है। इसी श्रृंखला में नगर के दानवीर भामाशाह बस्ती में विजयादशमी उत्सव का अंतिम पथ संचलन 15 अक्टूबर बुधवार को स्थानीय दादा बाड़ा में आयोजित है।

## पर्व : गांव-शहर में बालिकाओं ने किया साड़ी पहनकर मनमोहक प्रदर्शन

# तरी हरी नाना मोर सुअना रे...सुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व दिपावली नजदीक आते ही गांव एवं शहरों में सुआ नृत्य का टोलीयां लोगों के घरों व दुकानों के समीप नजर आ रहे हैं। वैसे तो आजकल ग्रामीण परिवेश के इस नृत्य का। प्रस्तुतिकरण गांवों की अपेक्षा शहरों में ज्यादा देखा जाता हैं। जहां पर छोटी छोटी कन्याएं साड़ी पहनकर मोहल्लों एवं बाजारों में हर घर हर दुकान के सामने में प्रदर्शन करती हैं। घरों एवं दुकानों से मिलने वाले पारितोषिक प्राप्त करने के उपरांत आशिर्वाद भी देती दिखाई दे जाती हैं।

इस क्रम में सुआ नृत्य का टोलियां बनाकर दस्तक दिया जा रहा हैं। ग्राम नवागांव कोठारी के बालिकाओं ने अपना करतब दिखाए गए। यहां के चौंक चौराहे पर सुआ नृत्य किया गया है। दीपावली नजदीक आते ही सुआ नृत्य में परंपरा के अनुसार बालिकाओं ने सुआ नृत्य प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों ने इच्छानुसार चावल पैसा देकर सप्रेम भेंट किया गया है। तरी हरी नाना मोर सुअना वनांचल के लोगों के लोगों ने दीपावली नजदीक आते ही सुआ नृत्य का टोली बनाकर गांव गांव में पहुंचने लगा है। सदियों से चलता आ रहा हैं। वनांचल के बालिकाओं ने गांव-गांव जाकर सुआ नृत्य का टोलियां बनाकर दस्तक दिया जा रहा हैं।



### घर-घर पहुंच रही बालिकाओं की टोलियां



**मुंडा।** दीपावली पर्व के पूर्व सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है। सुआ नृत्य की प्राचीन परंपरा को आज भी बच्चियों ने जिंदा रखा है। सुबह से लेकर देर शाम तक घरों में सुआ नृत्य के लिए बालिकाओं की टोली दस्तक दे रही है। इन दिनों ऐसा ही नजारा शहर व गांवो के गली मोहल्लों में देखने को मिल रहा है। वहीं अब पहले की तरह नृत्य करने वाली टोलियों की संख्या कम हो गई है। पर अभी भी छोटी बच्चिया परंपरा का निर्वहन कर रही है। अलग-अलग छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत गाकर लोगों का मनोरंजन करने वाले बच्चों की खुशी देखते ही बना रहे हैं। इससे पर्व की रौनकता बढ़ती जा रही है।इन दिनों मुंडा, कोलिहा, जामडीह, जुड़ा, पैंजनी, धाराशिव, मल्लीन, कोनारी, खटियापाटी, ठेलकी, तिल्दा, अहिल्दा, लच्छनपुर, सुढेला सहित कई गांवो में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ गीत नृत्य की धूम मची हुई है। दीपावली का पर्व पास आते ही बालिकाएं और महिलाएं घर-घर गली गली में समूह में पहुंचकर सुआ गीत के साथ नृत्य करती है। जिससे अनेक धार्मिक और सामाजिक संदेश परक गीत गाते हुए टोकरी में तोता (सुआ) रख इसके चारों ओर बालिकाएं थपोलियो बजाकर नृत्य करती हैं। जिसमें कुछ बालिकाएं गीत गाती है जिसे शेष बालिकाएं दोहराती हुई नाचती है। छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सुआ नृत्य की परंपरा वर्षो से चली आ रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम ने रोहांसी जोन में मारी बाज़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-दतान (ख) में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सांसद खेल प्रतियोगिता जोन स्तर रोहांसी में वालीबाल में प्रथम स्थान प्राप्त किया संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक भी जोन स्तर प्रतियोगिता में में उपस्थित थे संस्था के कीड़ा प्रभारी कैलाश साहू, ओंकार ध्रुव के कड़ी मेहनत से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सफलता हासिल की।

संस्था के प्राचार्य ने सभी स्वयंसेवकों को जोन स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना कि सभी खिलाड़ी विकास खण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए मेहनत कर रहे हैं कीड़ा प्रभारी सभी स्वयंसेवकों को अभ्यास करा रहे हैं ताकि संभाग स्तर तक पहुंच सके। सभी स्वयंम सेवकों में जोश है मेहनत कर रहे हैं सफलता जरूर हासिल करेंगे।

## दशरमा में हुआ डस्टबिन का वितरण



**रिसदा।** एक कदम स्वच्छता की ओर इसी कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत दशरमा में संचालित किराना दुकान वालों को ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने के लिए ग्राम जनप्रतिनिधियों द्वारा डस्टबिन का वितरण किया हुआ साथ ही ग्राम में स्वच्छता बनाने की सहयोग अपील किया गया। उक्त कार्यक्रम में सरपंच मधु नीलकंठ साहू, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, पंच लक्ष्मीकांत घृतलहरे, रूपलाल साहू, बाबूलाल घृतलहरें, राजकुमार सोनवानी, स्वच्छाग्रही महिला समूह सम्मिलित हुए।

# गोपालपुर में विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त स्वास्थ्य लाभ ले रहे क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर मे डॉक्टर फलित प्रकाश जलान एम बी बी एस को नियुक्ति किया गया है। क्षेत्रवासियों के मरीजों ने स्वास्थ्य के लाभ उठा रहे है। डॉक्टर फलित प्रकाश जलान से चर्चा करने पर बताया कि अभी मौसमी बीमारियों के मरीज आ रहे है। प्रतिदिन साठ, सत्तर मरीजों ने ईलाज करवाकर स्वास्थ्य के लाभ ले रहे है।

मरीजों से चर्चा करने पर बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे बहुत दिनों से एम बी बी एस डॉक्टर के पद खाली पड़ा हुआ था। जिसके चलते मरीजों को ईलाज कराने के लिए सोलह किलोमीटर का सफर करना पड़ता था। लेकिन अब वह समस्या दूर हो गया । ज्ञात हो कि यहां बहुत दूर-दूर के मरीज ईलाज कराने के लिए आते हैं। यहाँ को जेचकी के लिए प्रसिद्ध माना जाता है। आज से तीन वर्ष पूर्व जिला मे दो बार प्रथम स्थान एवं एक बार द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नाम रोशन किये है। मरीजों ने यहाँ एम बी बी एस डॉक्टर नियुक्त करने के लिए सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किए हैं।

### सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 3 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम तमोरा के मृतक ठाकुर राम पटेल की पत्नी संतोषी बाई एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम तिलकपुर के मृतक मालिकराम बरिका के पुत्र केशर बरिहा के लिए तथा सांप के काटने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भीथीडीह डिपापारा की मृतका सादमती खड़िया की माता सगनी बाई के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# डॉ. वर्षा शेखर शर्मा को मिला विद्यावाचस्पति सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार में संस्कृत अकादमी परिसर में 10 अक्टूबर को विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ, भागलपुर बिहार का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ. आनन्द भारद्वाज की मेजबानी में हिंदी की बेटी विक्रमशिला विद्यापीठ ने मां संस्कृत से आत्मीयता जताई। कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी मुख्य अतिथि रहे, जबकि ब्रह्माकुमारीज की राजयोगिनी बीके मंजू दीदी विशिष्ट अतिथि थीं।

अधिवेशन का शुभारंभ कुलपति डॉ. दयानंद जायसवाल, प्रोफेसर सतेंद्र भाई और डॉ. विनोद बब्बर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की दो बेटियों, वंदनागोपाल शर्मा शैली और वर्षा शेखर शर्मा को उनके हिंदी एवं संस्कृत सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए विद्यावाचस्पति मानद भूषण से सम्मानित किया गया। राज्य मंत्री सैनी ने विक्रमशिला विद्यापीठ को हिंदी सेवा में भारत का गौरव बताया। साहित्यकारों ने इस आयोजन को संस्कृत और हिंदी के अद्भुत संगम और देश-विदेश में इसकी महत्ता वाला कार्यक्रम बताया। कसडोल सहित जिले के सामाजिक संगठनों एवं साहित्य प्रेमियों ने इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

## सतनाम संदेश को जन-जन तक पहुंचाने निकली शोभायात्रा

# बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास


हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

सतनामी समाज द्वारा सतनाम संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बाबा गुरु घासीदास जी के उपदेशों "मानव-मानव एक समान" और नशा मुक्त समाज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। बड़ी संख्या में समाज के लोग इस यात्रा में शामिल होकर मुंगेली से पैदल गिरौदपुरी धाम के लिए रवाना हुए। शोभायात्रा 10 अक्टूबर से प्रारंभ होकर लगभग 180 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह यात्रा पाँच चरणों में तखतपुर, बिलासपुर, दरिघाट, मस्तूरी, मुलमुला, पामगढ़, शिवरीनारायण, बरपाली और मडवा जैसे स्थानों से होकर गुजरेगी। प्रत्येक पड़ाव पर स्थानीय समाज के लोगों द्वारा श्रद्धापूर्वक स्वागत किया जा रहा है।




### समाज में एकता और समानता है उद्देश्य

बरपाली पहुंचने पर खीखराम निराला एवं मायामति निराला ने यात्रियों का नारियल भेंट कर स्वागत किया। शोभायात्रा का आयोजन पिछले चार वर्षों से लगातार किया जा रहा है, जिसमें समाज के सैकड़ों लोग भाग लेते हैं। इस यात्रा का उद्देश्य समाज में एकता, समानता और भाईचारे का संदेश फैलाना तथा बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। शोभायात्रा में शामिल लोगों का उत्साह यह दर्शाता है कि बाबा के उपदेश आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं।

**कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर**
बनी रहे मुस्कान

कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कल्लर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
**रामेश्वरम् धाम यात्रा**
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007


**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति**
RAIPUR- B-36, Sector4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411